प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. पेरिस में पैरालंपिक खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में नवदीप सिंह ने स्वर्ण और दो सौ मीटर ट्रैक स्पर्धा में सिमरन शर्मा ने जीता कांस्य।
2. केन्द्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र ने पिपरवार में 20 मेगावाट के सौर ऊर्जा प्लांट का किया उद्घाटन, कहा– 2047 तक सबसे शक्तिशाली देश होगा भारत।
3. प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे रांची, चुनावी रणनीति पर करेंगे बैठक, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का भी दौरा ।
4. राज्य सरकार की अधिवक्ताओं को सुविधा देने वाली घोषणा पर स्टेट बार काउंसिल ने उठाए सवाल, फैसले को संशोधित करने की मांग।
5. मौसम विभाग ने राज्य में आज और कल आंधी और मेघगर्जन के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान, जारी किया येलो अलर्ट।

****

पेरिस में पैरालंपिक खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है । कल दसवें दिन भारत ने दो और पदक जीते। पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में नवदीप सिंह ने स्वर्ण जीता।

****

राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पेरिस पैरालंपिक पदक विजेताओं को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पुरुष भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर नवदीप सिंह ने खेलप्रेमियों का दिल जीत लिया है और देश को उन पर गर्व है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि महिलाओं की दो सौ मीटर ट्रैक स्पर्धा में कांस्य जीतने वाली सिमरन शर्मा देश के लिए और पदक जीतेंगी।उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सिमरन की सफलता उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और संकल्प का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सिमरन की सफलता अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी।

****

केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झारखंड दौरे के दौरान सीसीएल, रांची का दौरा किया और कार्य–कलापों का जायजा लिया। श्री दुबे ने सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया जहां उन्होंने सीसीएल की महत्वाकांक्षी परियोजना–20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। केन्द्रीय कोयला राज्य मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत सबसे शक्तिशाली देश बनेगा।

****

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रांची पहुंचेंगे। इस दौरान श्री चौहान पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वहीं झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी आज रांची आएंगे और चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे।

****

राज्य के अधिवक्ताओं को सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं को लेकर घोषणा पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेन्द्र कृष्णा ने सवाल उठाए हैं। रांची में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने सरकार से कैबिनेट के निर्णय में संशोधन की मांग की।

****

टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में उत्पन्न खाद्य कचरे को बायो गैस में बदलने की महत्वपूर्ण योजना तैयार की है।

****

गिरिडीह जिले में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग जी टी रोड पर अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल ने कहा है कि आर्थिक अपराध को रोकने के लिए जिले की पुलिस की जीरो टॉलरेंस वाली नीति जारी रहेगी।

****

गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले में ठेकेदारों से लेवी मांगने वाले चार अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल और सरिया बगोदर के एस डी पी ओ धनंजय राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ये अपराधी बगोदर के ठेकेदारों और क्रशर मालिको से गिरोह बनाकर लेवी की मांग कर रहे थे। इधर पुलिस ने अर्जुन हत्याकांड का खुलासा करते हुए पिता की हत्या की सुपारी देने वाले बेटे के साथ हत्यारे को गिरफ्तार किया है।

****

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन इस महीने की 15 तारीख़ तक किए जा सकेंगे। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर की जाएगी। पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

****

मौसम विभाग ने आज और कल रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

पेरिस पैरालंपिक में भारतीय एथलीट नवदीप के स्पर्ण पदक जीतने की खबर के साथ कोयला राज्यमंत्री के झारखंड दौरे को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण लिखता है– पेरिस पैरालंपिकः सोने में बदली नवदीप की चांदी, सिमरन को कांस्य।
दैनिक भास्कर के शब्द हैं– आतंकी मुठभेड़ में पैर गंवाने के 22 साल बाद पैरालिंपिक में देश को दिलाया मेडल।
प्रभात खबर ने लिखा है– पाकिस्तान ने कबूला, करगिल युद्ध में था उसका हाथ।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पीवीयूएनएल की पहली यूनिट चालू होने से घटेगी डीवीसी की निर्भरता, पतरातू प्लांट से प्रदेश को दिसंबर से बिजली।
रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– पीएम मोदी ने नेशनल टीचर अवार्ड विनर्स से की बात।
मणिपुर में हिंसा की खबर को अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

*******समाप्त*********